संस्कृत विभाग

विशिष्ट व्याख्यान

विषय: आचार्य मम्मट के काव्य लक्षण का आचार्य विश्वनाथ के अनुसार विवेचन

एस एस खन्ना महिला महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा सुनियोजित व्याख्यान माला के अन्तर्गत आज दिनांक 19-09-2018 को ''आचार्य मम्मट के काव्य लक्षण का आचार्य विश्वनाथ के अनुसार विवेचन'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। गोष्ठी के प्रमुख वक्ता प्रो० पद्माकर मिश्र, पूर्व प्राध्यापक यूईगं क्रिश्चिन कॉलेज ने छात्राओं को सम्बोधित करते कहा कि काव्य के वास्तविक स्वरूप को जाने बिना पाठक व रचयिता काव्य में प्रवृत्त नहीं हो सकता।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का वाचिक स्वागत संस्कृत विभाग की अध्यक्ष डॉ ज्योति कपूर ने किया एवं संस्कृत विभाग की स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह ने की। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. सौम्या कृष्ण (असि. प्रोफेसर) ने किया। कार्यक्रम में समन्वयक कला संकाय डॉ. अल्पना अग्रवाल, डा. रीता चौहान, डॉ. नीरजा सचदेव, डा. अर्चना त्रिपाठी, डॉ मीनू अग्रवाल, डॉ. ऋतु जयसवाल डॉ. शिवशंकर श्रीवास्तव इत्यादि प्राध्यापिकायें एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आरती साहू, नेहा साहू, रचिता भारतीय, सुशीला देवी, नैना मिश्रा, नीतू इत्यादि छात्राएँ उपस्थित रहीं।